लघु एवं मध्यम स्तरीय बकरी पालन हेतु आवासीय रूपरेखा

(10 + 1, 25 + 2 एवं 50 + 3 बकरी इकाई)

भाकृअनुप
ICAR

भा.कृ.अ.प.–केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान
मखदूम, फरह–281 122, मथुरा (उ.प्र.)

CIRG
1979
MATHURA

2017

लघु एवं मध्यम स्तरीय बकरी पालन हेतु आवासीय रूपरेखा

बकरी पालन एक उभरता हुआ व्यवसाय है। लोग परम्परागत तरीके को छोड़कर वैज्ञानिक रूप से सघन अथवा अर्धसघन व्यवस्था में बकरी पालन पसंद कर रहे हैं। लघु एवं मध्यम बकरी पालक जो अर्धसघन माध्यम से बकरी पालते हैं उचित आवास व्यवस्था उनके लिए बहुत आवश्यक है। बकरी आवास निर्माण हेतु कुछ महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य बातें जैसे- जगह का चुनाव, आवास की लम्बाई एवं चौड़ाई, दिशा का चयन, छत का प्रकार एवं ऊंचाई, सतह इत्यादि जो निम्नप्रकार से हैं:

ध्यान देने योग्य बातें

1. ऊंचे, जल जमाव क्षेत्र से दूर एवं समतल जगह का चुनाव करें जहां सड़क, बिजली एवं पानी आसानी से उपलब्ध हो।
2. आवास की लम्बाई (long axis) पूर्व-पश्चिम दिशा में हो।
3. अधिकतम चौड़ाई 20 फीट (9 मीटर) हो।
4. लम्बाई की कोई अधिकतम सीमा नहीं है परन्तु प्रत्येक 30 फीट पर वर्गीकृत कर अलग-अलग उम्र, लिंग एवं उत्पादन अवस्था हेतु अलग-अलग आवास बना सकते हैं।
5. घर में केन्द्र की ऊंचाई 12 फीट, किनारे पर 8 फीट एवं धूप एवं बरसात से बचाव हेतु छत को दोनों तरफ अतिरिक्त 3 फीट अवश्य रखें।
6. पूर्व एवं पश्चिम (लम्बाई) के तरफ धरातल से दीवार की ऊंचाई 3 से 4 फीट रखे उसके ऊपर लोहे अथवा बांस की जाली लगाये। उत्तर एवं दक्षिण के तरफ जाली न लगाये और दीवार को छत में मिलाये।
7. भारतीय परिस्थिति के अनुसार बकरी आवास की सतह मिट्टी की होनी चाहिए परन्तु जहां अत्यधिक बारिस हो अथवा अत्यधिक नमी हो वहां बांस/लकड़ी/प्लास्टिक की सतह, जमीन से ऊंची उठाकर बनानी चाहिए।
8. बकरी आवास के छत हेतु घास-फूंस, टाइल्स, खप्पल, टीन की चादर इत्यादि उपलब्धता एवं सुविधा के हिसाब से उपयोग में लाना चाहिए।
9. बाड़े में चारा-दाना उपकरण एवं पेयजल उपकरण उचित स्थान पर रखें।
10. बकरी आवासीय परिसर के चारों तरफ अधिक संख्या में पेड़-पौधे लगायें जिससे वहां का वातावरण स्वच्छ बना रहेगा, छाया मिलेगी एवं जरूरत पड़ने पर चारे के रूप में उपयोग में ला सकते हैं।



कम लागत बकरी आवासीय रूपरेखा

10 बकरी एवं 1 बकरे हेतु आवास व्यवस्था

10 बकरी, जिसमें प्रतिवर्ष 8 बकरी बच्चे देंगी तो कुल 12 बच्चे उत्पन्न होंगे। इस तरह से 10 बकरी, 12 बच्चे अलग–अलग उम्र के एवं एक प्रजनक बकरा हेतु निम्न प्रकार का आवास बनाने चाहिए।



Adult Females (10 Nos.); Adult Males (1 No.); Kids (12 Nos.)
T – Temporary partition for young kids below 3 months

10 बकरी एवं 1 बकरे हेतु आवासीय रूपरेखा

25 बकरी एवं 2 बकरे हेतु आवास व्यवस्था

परिकल्पना

1. 25 बकरी हेतु 2 बकरे चाहिए परन्तु बेहतर प्रजनन व्यवस्था के लिए 3 बकरे उत्तम रहेंगे।
2. 25 बकरी में से प्रतिवर्ष 20 बकरी बच्चे देंगी और कुल बच्चे 30 होंगे। अधिकतम लाभ हेतु इन बच्चों को 9 से 12 महीने तक पालन–पोषण उपरान्त बेचने चाहिए ।

इनके लिए आवास हेतु कुल स्थान की जरूरत निम्न प्रकार होगी –



AF – Adult Females (25 Nos.); AM - Adult Males (3 Nos.);
K – Kids (30 Nos.) YK – Small partition for
kids below 3 months of age

25 बकरी एवं 2 बकरों हेतु आवासीय रूपरेखा

पशु प्रकार	पशुओं की कुल संख्या	आवश्यक क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)
व्यस्क बकरी	25	37.5
प्रजनक बकरा	3	6
बच्चे (नौ से बारह महीने)	30	22.5
कुल क्षेत्रफल		72

इन सभी पशुओं के लिए सिर्फ घर (ढका हुआ क्षेत्र) की आवश्यकता है बाड़े की नहीं।

50 बकरी एवं 3 बकरे हेतु आवास व्यवस्था

1. 50 बकरी हेतु 3 बकरे रखने चाहिए परन्तु उत्तम प्रजनन व्यवस्था बनाये रखने हेतु 5 बकरे रखें।
2. 50 बकरी में से लगभग 40 बकरी ही बच्चे देंगी और कुल बच्चों की संख्या लगभग 60 होगी।
3. प्रतिवर्ष 5-10 बकरी को बेच नये बकरी अपने फार्म में लानी चाहिए।
4. बच्चे को 9-12 माह में बेंचे, इससे अत्याधिक फायदा होगा।
5. दिन में चरने वाली बकरियों को बाड़े की जरूरत नहीं पड़ेगी।

इन सब हेतु निम्न प्रकार जगह की आवश्यकता होगी –

पशु की श्रेणी	प्रति पशु स्थान (वर्ग मीटर)	आवश्यक कुल स्थान (वर्ग मीटर)
वयस्क मादा (50 नग)	1.5	75
प्रजनक नर (5 नग)	2.0	10 (लगभग 15)
मादा 9-12 माह (30 नग)	0.75	22.5
नर 9-12 माह (30 नग)	0.75	22.5
स्टोर रूम	12	12
कुल क्षेत्रफल		142 (लगभग **150**)



AF - Adult Dry Females (10 Nos.) & Adult Pregnant Females (20 Nos.); ALF - Adult Lactating Females (20 Nos.); AM - Adult Males (5 Nos.); K < 3m - 0 to 3 months kids (20 Nos.); YM - Young Males (23 Nos.); YF - Young Females (23 Nos.); S - Store Room.

50 बकरी एवं 3 बकरों हेतु आवासीय रूपरेखा

लेखक :

एन. रामाचन्द्रन, आर.पुरूषोत्तम, विजय कुमार, एस. पी. सिंह, रवि रंजन, ए.के. दीक्षित एवं एस. के. जिन्दल

प्रकाशक :

निदेशक, भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें-

भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान,

मखदूम, फरह-281122, मथुरा (उ.प्र.)

सी.आई.आर.जी. हैल्पलाइन : 0565-2763320

वेबसाइट : www.cirg.res.in

ys9456684421@gmail.com